डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 04 अप्रैल, मंगलवार, 2023



# सत्य ही राहुल गांधी जी का अस्त्र...सत्य ही आसरा और संदेश बस एक- 'डरो मत'



तस्वीर सूरत सेशन कोर्ट के बाहर की

## बेगूसराय कांग्रेस कमेटी के जानदार साथी पूर्व जिला सचिव रणजीत कुमार मुखिया जी ने कहा

# होनहार बिरवान के होत चिकने पात

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक के रूप में डॉ संजय कुमार यादव की नियुक्ति होने के बाद कांग्रेस दर्पण के लेखकों में खुशी की लहर दौड़ गई

पटना । कांग्रेस दर्पण

जिस तरह संजय जी काँग्रेस दर्पण के माध्यम से बिहार कांग्रेस के युवा वर्ग में नई जान फूंकने का काम किए, उसी तरह सेवादल संगठन को बिहार प्रदेश के कद्दावर अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह के सानिध्य में 1990 के सेवादल संगठन बनाकर दम लेंगे। सेवादल पार्टी के पांच स्तंभ में एक बहुत बड़ी भूमिका निर्वाहक के रूप में काम कर रहा था,फिर से वही रूप देखने को मिलेगा।

संजय यादव जी का कांग्रेस के प्रति पुराना लगाव रहा है, पिताश्री एक समर्पित कांग्रेसी नेता रहे हैं।संजय जी बिहार के कोने– कोने में अलख जगाने का काम विगत कई महीनों से कर रहे हैं। खासकर बेगूसराय, खगड़िया, सीतामढ़ी, हाजीपुर,जमुई,नवादा के कार्यकर्ता पहले जमीन पर कार्यक्रम करते हैं। फिर कांग्रेस दर्पण में जगह बनाने को तैयार होते हैं। बिहार प्रदेश के मुख्य संगठन के रूप में डॉ संजय कुमार की नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर करने वालों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सम्मानित सदस्य, बिहार कांग्रेस के दमदार चेहरे, अभय कुमार सिंह सारजन जी, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित सदस्य गणों सर्वश्री रामविलास सिं,के डी हिमांशु महाराज,मिथिलेश झा,नारायण सिंह, कांग्रेस नेता सुबोध कुमार, मुरलीधर मुरारी जी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस,मटिहानी कांग्रेस अध्यक्ष रामानुज कुँवर,तेघड़ा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, बलिया कांग्रेस अध्यक्ष राकेश कुमार,युवा कांग्रेस के नेता विक्रम कुमार, शिव कुमार, गोपाल कुमार,साकेत कुमार, राहुल कुमार, कांग्रेस सेवा दल के सक्रिय साथी योगी जी,अनिल राय,रामचन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, अशोक सिंह, देवन सिंह शामिल थे।

## सेवा दल के मुख्य संगठक को दिया बधाई

### सेवा दल में दिख रहा नया उत्साह, सूबे के हर घर तक पहुंचेगा सेवा दल

पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के नव नियुक्त मुख्य संगठक (प्रदेश अध्यक्ष) डॉ संजय कुमार को बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस सेवा दल की अध्यक्षा रूचि सिंह ने मिलकर बधाई दी। बधाई देने वालों में बिपिन झा बाबा, विनोद कुमार सिंह भी शामिल थे। इस अवसर पर नव नियुक्त मुख्य संगठक ने कहा कि सेवा दल के सभी कार्यकर्ता उत्साह और नये जोश से काम करेंगे।बूथ लेवल तक कांग्रेस सेवा दल को सुदृढ और विस्तार किया जायेगा। सेवा दल को महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के सपनों का संगठन कहा जाता है. हर गाँव मोहल्ले घर तक सेवा दल का कार्य पहुंचेगा ,तभी सेवा दल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी साबित होगा। डॉ० संजय ने बताया कि आगामी 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक तीन दिवसीय सेवा दल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। सभी साथियों से अनुरोध है कि इस शिविर में बढ–चढ़ कर हिस्सा लें, ताकि प्रशिक्षित हो कर बिना किसी कठिनाई के संगठन और दल का कार्य करें।

**साभारः उदय कुमार झा, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल**





सुपौल जिला कांग्रेस कमिटी के प्रभारी डॉ. तारानंद सादा जी ने सुपौल जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में राघोपुर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी, सुपौल प्रखण्ड, सरायगढ़ – भपटियाही, वीरपुर प्रखड़ कांग्रेस कमिटी मैं #हाथसेहाथजोड़ो तथा #जयभारतसत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमे उपस्थित सुपौल जिला अध्यक्ष विमल यादव, पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी, शमशेर आलम, रमेश यादव, जमिल अनवर उर्फ टुन्ना, महेश पांडे, पीतांबर पाठक, सुभाष प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।




अलोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ ये लोकतंत्र की मशाल है, कोई तानाशाह इसे बुझा नही सकता ।सत्य के पर्याय और निडर नेता श्री राहुल गांधी जी के समर्थन मे वैशाली युवा कांग्रेस व्दारा हाजीपुर रमाशिष चौक से अनवरपुर चौक, यादव चौक, राजेन्द्र चौक, कचहरी रोड होते हुए गांधी चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। इसमे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री गरीब दास जी, राजापकर की विधायक प्रतिमा दास, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के समन्वयक चंदन कुमार राय, अधिवक्ता मुकेश रंजन, राकेशसिंह चौहान, अरविंद आजाद के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए

# अखिलेश बाबु का कालजई नेतृत्व का उदघोष : गौरव गोस्वामी

पटना। कांग्रेस दर्पण

यदि मिला साकार तो वह,
अवध का अभिराम होगा।
ह्रदय उसका धाम होगा,
नाम उसका राम होगा।₹



कांग्रेस पार्टी के सबसे मजबूत और विश्वस्नीय स्तंभ हैं अखिलेश बाबू। बेशक हम सभी को अपने नेता डा अखिलेश प्रसाद सिंह जी पर गर्व है। किसी भी व्यक्ति की व्यक्तित्व मूल्यांकन का आधार नैतिकता नहीं, नजरिया होना चाहिए । उसकी असल पहचान होती है उसकी पुरुषार्थ से, उसकी उपलब्धियों से, उसकी इच्छाशक्ति से, अखिलेश बाबु की उपलब्धियों की शिखरों की उंचाई को अगर हम जांचना शुरू करें तो एक ऐसे ही इच्छाशक्ति हमें दिखाई देती है और इस इच्छाशक्ति के साथ जब हम बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनका मौजूदा नेतृत्व देखते हैं तो हम सब अपने आपको सौभाग्य से बड़ा पाते हैं, कि हमें एक ऐसा विश्वशजीवी नेतृत्व माननीय अखिलेश बाबु के रूप में मिला है।



हम लोग आदर्शवादी बातों को अच्छा मानते हैं, उनको अमल में लाने की बात भी करते हैं, लेकिन जल्द ही यह श्मशानी वैराग्य साबित होता है। श्मशानी वैराग्य यानी कुछ पल की विरक्ति और क्षणिक संकल्प के बाद दोबारा पूर्ववत हो जाना। लेकिन सामाजिक राजनीतिक जीवन में जीवटता के साथ कार्य करनेवाले अखिलेश बाबू अलग मिट्टी के बने हुए हैं, उनकी खासियत यह है कि वे अपने संकल्प को हर हाल में बनाए रखने का प्रयास करते और सफल भी होते हैं जिसका बेहतर उदाहरण है भारत जोड़ो यात्रा बिहार।

अखिलेश बाबु के नेतृत्व में आर्थिक भ्रष्टाचार के विरुद्ध शंखनाद हो रहा है । जिस प्रकार अंग्रेजों, जमींदारों के द्वारा नील के किसानों के शोषण के विरुद्ध मोतिहारी से गांधी जी ने शंखनाद किया था। उसी तरह अडानी अंबानी की द्वारा भारत के आर्थिक शोषण के विरुद्ध अखिलेश बाबू क्रांति का शंखनाद कर रहे हैं। यह शंखनाद बुद्ध के समतावादी सोच के साथ बोधगया में समाप्त होगा तथा मोदी जी जैसे जन विरोधी नेता के नीतियों के विरुद्ध ताबूत में अंतिम कील साबित होगा। और हर बार की तरह इस बार भी बिहार की धरती क्रांति का गवाह बनेगी ।

**( कांग्रेस कार्यकर्ता )**

# प्रेस आमंत्रण

**दिनांक– 4 अप्रैल 2023**
**स्थान– सदाकत आश्रम**
**समय – 12 बजे दिन**

**महोदय**

**जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम' को लेकर जिला प्रभारियों एवं जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक कल दिनांक 4 अप्रैल 2023 को 12.00 बजे दिन में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में बुलाई गई है।**

**बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह करेंगे । इस बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास एवं प्रभारी सचिव अजय कपूर उपस्थित रहेंगे ।**

**इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित है।**
**राजेश राठौड़**
**चैयरमेन मीडिया विभाग**
**बिहार कांग्रेस**
**9430438222**

शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने
महामहिम राष्ट्रपति जी को भेजे
डाक पत्र राहुल गांधी जी के समर्थन में – दीपक सैनी

शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने
आज दिनांक 3/4/2023 को
शामली, कांधला, केराना, झिंझाना, गडीपुखता,ऊन,एलम,
थानाभवन, आदि स्थानों पर महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी को भेजे डाल पत्र ।
भारत सरकार ने माननीय राहुल गांधी जी पुर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के समर्थन में
महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी के नाम पोस्ट कार्ड अभियान चलाया गया जिसमें डाक घर में जाकर राष्ट्रपति महोदया जी को
डाक बोक्स में पत्र डालकर का की जनता राहुल गांधी जी के प्रश्न
का जवाब मांगती है ।
जो इस प्रकार हैं निम्नलिखित में

सविनय निवेदन है कि विगत दिनों लोकसभा की कार्यवाही के दौरान श्री राहुल गांधी जी द्वारा भारत देश के प्रधानमंत्री जी
ने अडानी उधोगपति केसे बनाएं गए हैं ।

प्रश्न–1 देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं उद्योगपति श्री गौतम अडानी के मध्य क्या रिश्ता है और कब से है?

प्रश्न–2 गौतम अडानी के व्यापार में विदेशों से आया 20000 ( बीस हजार करोड़ ) रूपया किसका है?

प्रश्न–3 प्रधानमंत्री जी सरकारी विदेश यात्राओं में कितनी बार श्री गौतम अडानी को अपने साथ ले गये?

प्रश्न–4 अडानी कम्पनी को प्रधानमंत्री जी द्वारा कितने और किन–किन देशों से ठेके दिलवाये?

प्रश्न–5 एढाड से अडानी कंपनी के शेयर खरीदकर कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में धकेलने के क्या कारण हैं।

आदरणीय महोदया,
चूँकि इन प्रश्नों के उत्तर देश के किसी भी पटल से मिलना असम्भव है। अतः उम्मीद है कि अन्तिम किरण आप देश की प्रथम नागरिक हैं। जिला प्रशासन के माध्यम से यह प्रार्थना पत्र हम हम आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहें हैं ।
महोदया आपसे सादर अनुरोध है कि न्यायहित और देशहित में उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर दिलाने की कृपा करें ताकि समय रहते देश को किसी अनहोनी से बचाया जा सके। दीपक सैनी शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष, डॉ श्रीपाल उपाध्याय जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग
नरेंद्र मलिक वरिष्ठ कांग्रेसी, गयुर कुड़ाना ब्लाक अध्यक्ष शामली कांग्रेस, रमेश मराठा वरिष्ठ कांग्रेसी, महिपाल शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी , प्रवेश मलिक जिला उपाध्यक्ष , विनोद सेन वरिष्ठ कांग्रेसी, राहुल शर्मा जिला सचिव,प्रमोद कश्यप, महावीर सैनी, निनना अंसारी , रामपाल पांचाल वरिष्ठ कांग्रेसी, रिजवान सेवादल अध्यक्ष, सागर चोधरी, विवेक चोधरी, रामशरण नामदेव, राधेश्याम सैनी,रिहान कुरेशी बनत , आदि मौजूद रहे

**दीपक सैनी शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष**



# सूरत एयरपोर्ट पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की तरफ से राहुलगांधी जी का स्वागत। राहुल जी सेशन कोर्ट में निचली अदालत के फैसले पर अपील करने सूरत पहुंचे हैं





# यूवा कांग्रेस ने किया गया जिला मे किया " यंग इंडिया के बोल सीजन — 3 " का विमोचन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

गया जिला युवा कांग्रेस मे जोनल इंचार्ज विशाल कुमार यादव की उपस्थिति में प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था जिसमे 'यंग इंडिया के बोल सीजन – 3' प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। विशाल कुमार यादव ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन – 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा। गरिमा उपस्थिति : गया जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल कुमार जी, प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी जी, गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रिका यादव जी, सैयद हजाद अहमद, शमीम आलम, समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।







# प्रधानमंत्री जी आपको मारने, बदनाम करने, छवि खराब करने वाले भांति, भांति सुपारी किलर का नाम बताएं : कांग्रेस

पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, सोमनाथ पासवान, बुद्धू प्रसाद, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, मो समद, असरफ इमाम, जमीर शहीदी, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय आदि ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी मध्य प्रदेश के भोपाल में बंदे मातरम ट्रेन के शुभारंभ के मौके पर आमजन को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी सहित सभी विपक्षी दलों द्वारा भांति, भांति लोगो को मुझे मारने, मेरी छवि खराब करने, मुझे बदनाम करने के लिए सुपारी दी गई है वाली उनके बयान पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए उनसे सुपारी किलर का नाम उजागर करने को कहा है।

नेताओ ने कहा जब हमारे देश के प्रधानमंत्री जो देश के सबसे इंटेलिजेंट एस पी जी सुरक्षाकर्मी के घेरे में रहने वाले जब सुरक्षित नही है तो आम जन का क्या होगा । नेताओ ने कहा की श्री नरेंद्र मोदी जी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हुए है, जो सस्ती लोकप्रियता के लिय कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर तरह, तरह के मनगढ़ंत, बनावटी आरोप लगाते रहते है।



नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता, नित्य दिन माननीय प्रधानमंत्री जी से भांति, भांति सुपारी किलर के बारे में पूछने का अभियान चलाएंगे जबतक वो नाम नही बता देते है।

नेताओ ने आज गया रेलवे स्टेशन, टावर चौक, बस स्टैंड समाहरणालय के पास, राय काशी नाथ मोड़, सिकड़िया मोड, मुफासिल मोड, मानपुर बाजार, पंचायती अखाड़ा आदि शहर के दर्जनों जगह पर ₹ प्रधानमंत्री जी सुपारी किलर का नाम बताए, नही तो अपना बयान वापस ले ₹ के नारो को बुलंद करते हुए आमजन के बीच प्रचार, प्रसार किया।

# केंद्र की मोदी सरकार अडानी को बचाने के लिए लोकतंत्र का गला घोट रही है: कांग्रेस

पटना । कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवम् बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देशन में विगत कई दिनों से चल रहे प्रखंड, जिला, प्रदेश तथा देश स्तरीय जय भारत सत्याग्रह आंदोलन कार्यक्रम के तहत आज गुरारू प्रखंड में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने जिला तथा गुरारू प्रखंड के नेताओ कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय श्याम शांति भवन गुरारू में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों, विफलताओं, पर जबरदस्त प्रहार किया।




प्रो मिठू ने कहा की देश के प्रधानमंत्री अपने अजीज दोस्त गौतम अडानी को बचाने के लिए लोकतंत्र का गला घोट रहे है, तथा जब देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय, ईमानदार, विपक्ष की आवाज राहुल गांधी जी ने देश की अर्थव्यवस्था एवम् आम जनता के खून, पसीने के एक, एक पैसे को बचाने के लिए प्रधानमंत्री जी से अडानी प्रकरण महाघोटाले पर संसद में सवाल पूछने के नौ दिनों बाद ही उनके खिलाफ मानहानि का मामला फिर से शुरू हो गया। इतना ही नहीं, लोकसभा में राहुल गांधी जी द्वारा दिए गए भाषण एवम् राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे द्वारा दिए गए भाषण को संसद के रिकॉर्ड से हटा लिया गया ।

देश के संसदीय इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है की सत्ता पक्ष द्वारा राहुल गांधी पर अनर्गल आरोप लगा कर संसद को कई दिनों तक बंद कराई गई , तथा जब राहुल गांधी अपना जवाब देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से दो, दो बार लिखित और एक बार मिल कर अनुरोध किया, तो अध्यक्ष महोदय ने राहुल गांधी जी को बोलने का अवसर देने से इंकार कर दिया , इससे साफ जाहिर होता है की प्रधानमंत्री जी नहीं चाहते की अडानी के साथ उनके रिश्ते का पर्दाफाश हो। आज अडानी प्रकरण महाघोटाले पर प्रधानमंत्री का जवाब कांग्रेस पार्टी सहित सम्पूर्ण विपक्ष ही नहीं बल्कि देश की एक, एक जनता जानना चाहती है, जिसे प्रधानमंत्री जी को बताना ही पड़ेगा, क्योंकि देश को बचाने के लिए कांग्रेस सब कुछ करेगी। कांग्रेस पार्टी ने देश की एकता ,अखंडता ,सहिष्णुता सामाजिक सद्भाव, संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए अपने दो, दो प्रधानमंत्री की शहादत दी है, उनकी लहू ने देश की लोकतंत्र को बचाने का काम किया है, इसलिए आज भी राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की प्रहरी का काम करते हुए, घोटालेबाजों, भरष्टाचारियो के विरुद्ध खड़ी है।

संवाददाता सम्मेलन में गया जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, महासचिव अमरजीत कुमार, शिव कुमार चौरसिया, गुरारू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो शमीम, वरिष्ठ नेता तथा कार्यक्रम के प्रखंड संयोजक संजय कुमार रंजन, श्रवण पासवान, सोमनाथ पासवान, बुद्धू राम, सूर्यकांत, जनार्दन प्रसाद, शंभू सिंह, डॉली झा, मो रिजवान आदि शामिल थे।

**भवदीय**
**विजय कुमार मिठू, प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी।**
**मो शमीम**
**अध्यक्ष गुरारू प्रखंड कांग्रेस कमिटी।**
**संजय कुमार रंजन**
**कार्यक्रम संयोजक, गुरारू प्रखंड कांग्रेस कमिटी।**

# भारत का नौजवान किसान गरीबों का हर घर राहुल गांधी भैया जी का घर है



**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व देश को कुर्बानी देकर आजादी दिलाने वाले सम्माननीय गांधी परिवार से शहीदों के पुत्र सम्माननीय राहुल गांधी भैया जी जो संसद में अदानी के लिए देश के हित में कुछ कहते हैं तो देश के प्रधानमंत्री जी के द्वारा संसद में राहुल गांधी भैया जी का स्पीकर बंद कर दिया जाता था और सम्माननीय राहुल गांधी भैया जी को एक साजिश के तहत केस में फंसा कर उनको 2 वर्ष की सजा सुनवा कर उनकी संसद की सदस्यता खत्म करा कर उनका सर ढकने का आशियाना छीना जा रहा है श्री मोदी जी आपको यह मालूम होना चाहिए कि भारत का नौजवान किसान गरीबों का हर घर राहुल गांधी भैया जी का घर है श्री मोदी जी आपका घर तो अदानी का घर है अदानी के अमीर घर को ही मिटाना भारत के नौजवान किसान गरीबों के हमदर्द व फरियाद सुनने वाले सम्माननीय राहुल गांधी भैया जी मिटाकर ही सांस लेंगे पंडित रेखा शर्मा पीसीसी सदस्य कांग्रेस पार्टी व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व दिल्ली प्रदेश श्रीमती सोनिया गांधी बिग्रेड ऑल इंडिया अलीगढ़ उत्तर प्रदेश



## आज मधेपुरा एनएसयूआई इकाई ने जिलाध्यक्ष निशांत यादव के नेतृत्व में बीएनएमयू कैंपस में कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्ट कार्ड भेजो अभियान चलाया। जिसमे बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया ।

# जैन धर्म की राह पर चलने और महावीर स्वामी के दिव्य संदेश को अपनाएंः धर्मेंद्र सिंह राठौड़







**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया की आज महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य मे आर टी डी सी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड शहर जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष विजय जैन, पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती, पूर्व प्रदेश सचिव महेन्द्र सिंह रलावता, नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, पार्षद नितिन जैन, मनवर कायमखानी, गजेन्द्र सिह रलावता, अनीता चौरसीया, नौरत गुर्जर, मनीष सेठी, सर्वेश पारीक, आईटी सेल सोशल मीडिया विभाग शहर अध्यक्ष पीयूष सुराणा, देहात सोशल मीडिया अध्यक्ष प्रेमसिंह गौड़, मुकेश सबलानिया, जितेंद्र कुमार चौधरी, महेंद्र कुमार जोशी, ईश्वर राजोरीया, सुकेश काकरीया, वैभव जैन, महेश चौहान, ब्लाक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, निर्मल बैरवाल, पवन ओड, अर्हम सुराणा, श्रीमती धीरज बुंदेल, लाजवंती डाबरा, पुष्पा टेलर, पूनम बुंदेल, सुनीता गहलोत, कमल गंगवाल, राजकुमार गर्ग, राजकुमार पांड्या, वासू जैन पांड्या, कांता, गायत्री, मनीष चौरसीया, दिनेश के शर्मा, अंकुर त्यागी, कैलाश कोमल, हिमांशु गर्ग, अजय तेंगोर, अरशद इन्साफ खान, नरेश सोलीवाल, ईशवर राजोरीया, बालमुकुनद टाक, दीपा पारवानी, समशुदीन, रेखा पिंगोलिया, सोना धनवानी, नमन जैन, रवि कच्छावा, विकास चौहान, गुला भाई, चंद्रप्रकाश चौरसिया, सभी ने जैन समाज के प्रबुद्ध लोगो से मिलकर बधाई व शुभकामनाऐ दी।और जैन समाज की झकियो में शामिल होकर सम्पूर्ण जैन समाज का स्वागत किया।अरिहंत मंडल की प्रभावना प्रभात रैली ज्ञान चंद लोढ़ा के सानिध्य में सकल जैन समाज की वाहन रैली सुबह 5 बजे निकली गई।कांग्रेस नेता पीयूष सुराणा, शिखर चंद सिंघी, ज्ञान चंद बोहरा, संजय जैन( डांगी ), केशव जैन, अनिल सुजंती, अंकित चौरडिया, लोकेश जैन, भागचंद सुराणा, अर्हम सुराणा, अंकित खाब्या, अंकुर जैन, मिताली जैन, मनोज चौराडिया, भाव्यम सुराणा, ज्ञानचंद बोहरा, रमेश जैन, दिलीप कोठारी, ज्ञानचंद बोहरा, प्रेमचंद चंडालिया, उत्तम चंद लूणावत, लोकेश कावड़िया, रूपेश सुराणा, शुभम बोहरा, एवम अन्य सैंकड़ों जैन स्थानकवासियो ने रैली में भाग लिया।आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने जैन धर्म की राह पर चलने और महावीर स्वामी के दिव्य संदेश को अपनाने की बात कही।₹ केवल मैं नहीं, सारा राष्ट्र जैन है₹ इंदिरा गांधी ने अपने शब्दो में कहा था। कांग्रेस पार्टी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन, डॉ बाहेती, महेंद्र सिंह रलावता, पार्षद नितिन जैन, पीयूष सुराणा, ने समस्त जैन समाज को शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

# आज लोकतंत्र खतरे में है देश में अघोषित आपातकाल है जहां बोलने की आजादी नहीं है

पटना। कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत जहानाबाद प्रखंड कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक संयुक्त प्रेस वार्ता कार्यक्रम आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर नगर अध्यक्ष सरवर सलीम ने की वार्ता में प्रदेश प्रतिनिधि उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा एवं जिला उपाध्यक्ष प्रोफेसर भूषण कुमार सिंह ने भाग लिया।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है देश में अघोषित आपातकाल है जहां बोलने की आजादी नहीं है, न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है मीडिया भी स्वतंत्र नहीं है विपक्ष की आवाज को दवाई जा रही है। नेताओं ने कहा कि हमारे माननीय नेता राहुल गांधी जी के ऊपर मानहानि का गलत मुकदमा दर्ज कर उनकी लोकसभा की सदस्यता को समाप्त कराया गया।राहुल गांधी जी को संसद में बोलने नहीं दिया गया अडानी द्वारा किया गया भ्रष्टाचार के मुद्दे को सदन में उठाया तो लोकसभा स्पीकर के द्वारा उनकी बातों को रिकॉर्ड से बाहर कर दिया गया।आज देश की जनता और विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री से यह जानना चाहती है कि प्रधानमंत्री और अडानी में क्या रिश्ता है।अडानी के सेल कंपनी में लगा हुआ 20000 करोड़ रूपया किसका है कांग्रेस पार्टी इन्हीं सारी मुद्दों को लेकर राहुल जी के बातों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम द्वारा अवगत कराएगी और इसी कार्यक्रम के तहत 8 अप्रैल तक जिले के सभी प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर जनता से सीधा संवाद करेंगी। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि कन्हैया जी, मोहम्मद शफी, इंद्रदेव राम, धर्मेंद्र पांडे, शोएब आलम ,मिश्रा जी ,शाहिद आलम ,विवेक कुमार इत्यादि शामिल थे।




**रामप्रवेश ठाकुर अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी जहानाबाद**

# शोकाकुल परिवार से मिलकर संतावना दिया



पटना। कांग्रेस दर्पण

कुर्था विधानसभा क्षेत्र के बलौरा गांव निवासी विजय कुशवाहा जी के पोता की आकस्मिक दुर्घटना के कारण हुई मृत्यु की खबर सुनकर एवं उसी गांव के कमलेश कुशवाहा जी के माता जी की मृत्यु की खबर, एवं कृष्णा दास मृत्यु की खबर एवं राजद कार्यकर्ता विक्की यादव की दुर्घटना में पैर टूटने की खबर सुनकर शोकाकुल परिवार से मिलने कांग्रेस के कुर्था प्रखंड अध्यक्ष राम विनय सिंह यादव, बंसी प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कैफ, पुनदेव यादव, रणधीर यादव ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संतावना दिया

# हाथ से हाथ जोड़ों अभियान के तेहत आज गुरूआ विधानसभा के गुरारू प्रखंड में



पटना। कांग्रेस दर्पण

हाँथ से हाँथ जोड़ों अभियान के तेहत आज गुरूआ विधानसभा के गुरारू प्रखंड में जन जन से मिलकर मौजूदा सरकार की विफलताओं और श्री @RahulGandhi जी को डिस्क्वालिड किए जाने के पीछे क्या वजह उसे लोगो तक पुहचाया, कार्यक्रम में हमारे साथ मुखिया, पूर्व पार्षद, सरपंच, पूर्व सरपंच इत्यादि मौजूद रहे।

# सदस्यता रद्द करने के विरोध में शंभूगंज प्रखंड कांग्रेस कार्यालय से आक्रोश मार्च

पटना । कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांँग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार जय भारत सत्याग्रह के तहत आज दूसरा दिन दिनांक–03–04–2023 शंभूगंज प्रखंड कांँग्रेस कमिटी ने केन्द्र सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या तथा कांँग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी को साजिश के तहत सदस्यता रद्द करने के बिरोध में शंभूगंज प्रखंड कांँग्रेस कार्यालय से आक्रोश मार्च निकाला गया । जो शंभूगंज बाजार से प्रतापुर हॉट से होते पूनः प्रखंड कांँग्रेस कार्यालय शंभूगंज में समापन किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला से आए प्रखंड प्रभारी डॉ मनसूर अहमद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गौतम अदाणी के रिश्ते को लेकर उंगली उठाने के आरोप में श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द की गई है। मोदी सरकार संवैधानिक व्यवस्था को तहस–नहस कर देने पर आमादा है । मौके पर शंभूगंज प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह द्वारा सभा की अध्यक्षता की गई प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि शेल कंपनियों द्वारा अडानी ग्रुप में लगाया गया ?20,000 हजार करोड़ रुपया आखिर किसका है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी से रिश्ता क्या है,



यह सवाल जब संसद भवन में श्री राहुल गांधी जी के द्वारा गहन अध्ययन कर उठाया गया तो प्रधानमंत्री व भाजपा के तमाम नेता बिलबिलाते हुए नजर आए । राहुल गांधी जी कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 4 हजार किलोमीटर पैदल चलकर देश में एकता अखंडता संप्रभुता प्रेम स्नेह एवं भाई चारे का संदेश दिए ताकी देश में नफरत का बीज कोई बो ना सकें और देश की लोकतंत्र प्रजातंत्र संविधान मजबूत हो सकें । किंतु आज का जो परिस्थिति आप देख और समझ रहें है वह संविधान के विपरीत है, केंद्र की मोदी सरकार असल मुद्दों से भटका कर देश की जनता को गुमराह कर रही है, साथ ही देश की शासकीय संस्थानों का दुरूपयोग कर विपक्षी दलों को डराने का विफल प्रयास कर रहीं है। मैं पूरे देश वासियों को आगाह करना चाहता हूं । अपने देश के खातिर एकजुट रहिए ताकी संविधान लोकतंत्र प्रजातंत्र जिंदा रह सकें अन्यथा केंद्र की मोदी अडानी सरकार देश को बेच खाएंगे । मौके पर मौजूद प्रखंड महासचिव–सूरज कुमार साह उर्फ पप्पू, सुदर्शन कुमार शर्मा, सनी कुमार, किशोर कुमार भारद्वाज, कृष्णकांत ठाकुर, मोहम्मद गालिब रजा, मोहम्मद हाफिज, गौतम सिंह, घनश्याम सिंह, रणवीर यादव, मोहम्मद नसीम, ताज आलम सहित दर्जनों कांँग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





